# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004

फोन नं. 2708824, PBX No. 2711070 Ext No. - 2163 (for Professional)

Web site- www. uniraj. ac. in, Email. <examcontrolleruor@gmail.com>

प्राचार्य, **अत्यावश्यक**

राजस्थान विश्वविद्यालय से
सम्बद्धता प्राप्त सभी बी.एड. एवं बी.ए./बी.एस.सी.–बी.एड.
महाविद्यालय।

क्रमांक– परीक्षा 5–अ/शिक्षा/2025/2616 दिनांकः 19/5/25

महोदय/महोदया,

आपको सूचित किया जाता है कि बी.ए.–बी.एड./बी.एस.सी.–बी.एड. पार्ट प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ तथा बी.एड. पार्ट–प्रथम एवं द्वितीय परीक्षा–2025 का आयोजन अतिशीघ्र प्रारंभ किया जायेगा तद्नुसार समय सारणियॉ जारी किया जाना प्रक्रियान्तर्गत है, इस संबंध में कृपया नोट करें कि परीक्षा में बैठने की पात्रता के संदर्भ में विश्वविद्यालय अध्यादेश–323 के प्रावधानानुसार प्रत्येक बी.ए.–बी.एड./बी.एस.सी.–बी.एड. एवं बी.एड. प्रशिक्षणार्थी को न्यूनतम प्रशिक्षण अवधि 80% सम्पूर्ण कोर्स वर्क एवं प्रेक्टिकल (All course work and Practical) तथा School Internship कार्यक्रम में 90% उपस्थिति पूर्ण करना अनिवार्य है।

अतः ऐसे छात्र/छात्राओ जिन्होंने उक्त प्रावधानानुसार अपरिहार्य उपस्थिति पूर्ण नहीं की है तथा जिन्होंने परीक्षा फार्म नहीं भरा है, उनकी सूची संलग्न प्रपत्रानुसार 50/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर **24.05.2025 को 01.30 बजे तक सहायक कुलसचिव, कार्यालय कमरा नं. 133** में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

19.03.25

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक– परीक्षा 5–अ/शिक्षा/2025/2617-700 दिनांकः 19/5/25

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इस प्रपत्र को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रसारित किया जाये।
2. उप कुलसचिव (गोपनीय)/ सहायक कुलसचिव (सेलर–I/II)/ अनुभागाधिकारी (विविध)/ परीक्षा –III (यू.एम), रा.वि.वि., जयपुर।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

(रूपये 50/– के नानज्यूडिसियल स्टाम्प पर भेजे जाने वाले पत्र का प्रारूप)

## शपथ पत्र

मैं.............................................. प्राचार्य.................................. कॉलेज कोड नं..................... शपथ पूर्वक बयान करता/करती हूँ कि महाविद्यालय में सभी छात्रों का प्रवेश P.T.E.T.-2024 के आवंटनानुसार ही किया गया हैं तथा **निम्न विद्यार्थियों के अतिरिक्त** सभी ने बी.एड. पार्ट–प्रथम, द्वितीय तथा बी.ए.–बी.एड./बी.एस.सी.–बी.एड. पार्ट प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ परीक्षा–2025 के लिए नियमानुसार 80% सम्पूर्ण कोर्स वर्क एवं प्रेक्टिकल (All course work and Practical) में 90% उपस्थिति पूर्ण कर ली हैः–

| क्र. सं. | परीक्षा फार्म संख्या | छात्र का नाम | पिता का नाम | महाविद्यालयी (सम्पूर्ण कोर्स वर्क) उपस्थिति का प्रतिशत | स्कूल इन्टर्नशीप प्रोग्राम में उपस्थिति का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**नोटः– परीक्षा फार्म संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करें।**

महाविद्यालय में प्रवेशित सभी छात्र (उक्त को छोडकर) विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में प्रविष्ठ होने के लिए पूर्णतया योग्य है एवं इन छात्रों को सभी विषय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमान्तर्गत आवंटित किये गये हैं। प्रवेशित सभी छात्रों को इन्टर्नल/प्रेक्टिकल परीक्षाओं के अंक परीक्षा प्रवेश पत्र (Online/ Offline/ Modified) के आधार पर ही ऑनलाईन अपलोड किये जायेंगे। परीक्षा में प्रवेशित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं की विश्वविद्यालय नियमानुसार School Internship पूर्णता सुनिश्चित की जायेगी। यदि उक्त बाबत् कोई भी सूचना गलत पाई जाती है तो महाविद्यालय इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा तथा इस बाबत् विश्वविद्यालय द्वारा जो भी कार्यवाही की जायेगी वह महाविद्यालय को अक्षरशः स्वीकार्य होगी तथा इस पर किसी भी प्रकार का वाद–विवाद नहीं करेगा।

प्राचार्य/प्राचार्या
मोबाईल नं..................
ई–मेल आई.डी..............